**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–05.06.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्र में एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे, प्रधानमंत्री ने कहा––सरकार समावेशी विकास के माध्यम से गरीबों के कल्याण और नागरिक सशक्तीकरण के लिए समर्पित।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची का सिरमटोली फ्लाइओवर जनता को किया समर्पित, कार्तिक उरावं के नाम पर नामाकरण की घोषणा, भाजपा ने उठाये सवाल।**
3. **जैक ने इंटर आट्‌र्स का परीक्षा परिणाम किया जारी, 95 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों को मिली सफलता, राजमहल के देव तिवारी पूरे राज्य में अव्वल।**
4. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को दो दिवसीय देवघर दौरे को लेकर मुख्य सचिव ने की उच्चस्तरीय बैठक, चार आइपीएस अधिकारी के जिम्मे होगी सुरक्षा की कमान।**
5. **विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, राज्यपाल ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, मुख्यमंत्री ने कहा–प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा हम सब की प्राथमिकता।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार को सहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार के सशक्तिकरण, मज़बूत बुनियादी ढांचे तथा समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। एक रिपोर्ट –

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची का सिरमटोली फ्लाईओवर जनता को समर्पित किया। गौरतलब है कि विवादों के बीच मुख्यमंत्री ने सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्‌घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिरम टोली फ्लाइओवर का नामांकरण आदिवासी नेता कार्तिक उरांव के नाम से होगा। श्री सोरेन ने कहा कि किसी की भावना को ठेस न पहुंचे इसका हम पूरा ध्यान रखते हैं।

*******************

सिरमटोली फ्लाईओवर के उदघाटन पर भाजपा ने सवाल उठाये हैं। पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है फ्लाइ ओवर रैंप का विरोध कर रहे सरना समुदाय को विश्वास में लिये बगैर आनन–फानन में इसका उदघाटन किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

*******************

इधर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर निशाना साधा है। रांची स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय मे पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने रिम्स–2 परियोजना को लेकर पार्टी की आधिकारिक स्थिति स्पष्ट की और वर्तमान रिम्स की बदहाली को उजागर किया। रिम्स–2 की घोषणा पर सवाल खड़ा करते हुए अजय साह ने आरोप लगाया कि सरकार की प्राथमिकता जनस्वास्थ्य नहीं, बल्कि हज़ारों करोड़ की इमारत बनवाकर कमीशनखोरी करना है।

*******************

कोडरमा के झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका में आज कांग्रेस की ओर से संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। रैली में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत प्रदेश के अन्य नेता शामिल हुए। मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय ने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान को कुचलने का प्रयास कर रही है।

*******************

झारखंड अधिविद्य परिषद– जैक ने इंटर आट्‌र्स का रिजल्ट जारी कर दिया है। जैक के अध्यक्ष डॉ. नटवा हांसदा ने परीक्षा परिणाम जारी करते हुए बताया कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर परिणाम आया है। 95 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी सफल हुए हैं। जैक की सूची के अनुसार राजमहल के देव तिवारी ने राज्यभर में पहला स्थान हासिल किया है।

*******************

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को दो दिवसीय दौरे पर देवघर पहुंच रही हैं। इस दौरान वह बाबा बैद्यनाथधाम मंदिर में पूजा–अर्चना के साथ देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। उनके आगमन की तैयारियों को लेकर आज मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में मौजूद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया की राष्ट्रपति की सुरक्षा की कमान चार आइपीएस अधिकारियों के जिम्मे होगी।

*******************

विश्व पर्यावरण दिवस पर आज राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। राज्यपाल ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने लोगों से प्रकृति की रक्षा और अधिकाधिक वृक्षारोपण का संकल्प लेने की अपील की।

*******************

विश्व पर्यावरण दिवस पर आज राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्य कार्यक्रम रांची के डोरंडा स्थित फारेस्ट ऑफिस काम्प्लेक्स में हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने फारेस्ट ऑफिस काम्प्लेक्स में पौधारोपण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और हरित विकास झारखंड की प्राथमिकता है।

*******************

उधर, हजारीबाग में भाजपा की ओर से इस मानसून पौधारोपण का बड़ा अभियान चलाया जायेगा। स्थानीय विधायक प्रदीप प्रसाद ने बताया कि मानसून सीजन में एक पेड़– मां के नाम अभियान के तहत डेढ़ लाख पौधा लगाने की तैयारी है।

*******************

जामताड़ा जिले के शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर वर्ग के लोगों के बीच योग के प्रति रुझान बढ़ा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता ।

*******************

राज्य के विभिन्न जिलों में 11 जून तक बारिश होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी है। विभाग के अनुसार छह जून को राज्य के पूर्वी और इससे लगे मध्यवर्ती भागों में, सात जून को पूर्वी और दक्षिणी जिले और इससे सटे मध्यवर्ती हिस्से तथा आठ तथा नौ जून को पूर्वी हिस्सों में गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

**************